18 मार्च 2011 सहयोग राशि रु. 100/- वार्षिक अंक-324

☎ : 05947-252841

# पायनियर चेतना

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com, website : www.internationalpioneers.com

(निःस्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)

(अवैतनिक) प्रधान सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल) सह सम्पादक : पाय0 महावीर वर्मा 'मधुर' (अवैतनिक)

(अवैतनिक) सम्पादक - संजीव शर्मा, रामनगर (नैनीताल) पाय0 एल0 सी0 अरोड़ा (अवैतनिक)

Pioneerism, A commitment to Humanity

## उत्तराखण्ड में हृदय रोगियों की संख्या पर्याप्त.....डॉ. चाण्डी

इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब, रामनगर द्वारा आयोजित हृदय परीक्षण शिविर में बोलते हुए प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेश चाण्डी ने कहा उत्तराखण्ड में हृदय रोगियों की संख्या पर्याप्त है। उन्होंने रामनगर के 220 हृदय रोगियों का परीक्षण करने के बाद बताया कि कुछ मरीजों को ज्ञान नहीं था कि उनको हृदय रोग है। कुछ रोगियों को दवा बदलने की सलाह दी गई है।

यहाँ अनियमित मधुमेह रोगियों की संस्था प्रर्याप्त है। बहुत से रोगी, समय से दवा नहीं लेते और देखभाल में अनियमित है। उच्च रक्तचाप के अनेक रोगी ऐसे मिले जो अपनी ज्ञान की परवाह नहीं करते और इलाज भी नहीं कराते हैं।

हृदय रोग की रोकथाम के उपाय बताते हुए उन्होंने कहा कि नियमित टहलना व हल्के व्यायाम करने चाहिए। सप्ताह में 4 दिन 4 किलोमीटर 40 मिनट में चलने का अभ्यास करना चाहिए। एक ही ब्राण्ड का तेल लगाकर प्रयोग नहीं करना चाहिए। मोटापे को चिन्ताजनक बताते हुए उन्होंने कहा कि जंकफूड, फास्टफूड एवं ब्रैड पकौड़ा, समोसा इत्यादि से बचे। तनाव रहित रहने के लिए योग, प्राणायाम, संगीत आदि का सहारा लेना चाहिए।

एमपी इण्टर कॉलेज में मेदान्ता दि मैडिसिटी गुड़गाँव (डॉ. नरेश त्रेहाम का अस्पताल) के सहयोग से इण्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में लगभग 350 रोगियों का परीक्षण किया गया। यह मरीज दूर-दूर से आए थे।

वरिष्ट हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेश चाण्डी, डॉ. मोनिका देशवाल न्यूरो फिजीशियन, डॉ. अनुपम गुप्ता, समन्वयक संदीप गोदियाल, टीम मैनेजर हरप्रीत सिंह, ईको टैक्नीशियन तरूण, टैक्निकल स्टाफ प्रिन्सी जॉर्ज लोकेश जरलिट, प्रियामूल जौसेफ, धनंजय इत्यादि ने कैम्प को सफल बनाने में भरपूर सहयोग दिया। इस कैम्प में देवभूमि विकास समिति एवं स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ भा.ज.पा. का सहयोग लिया गया।

कैम्प में इण्टरनेशनल पायनियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष एनसी अरोरा व मुरादाबाद शाखा से पधारे पाय. धवन की उपस्थिति सराहनीय रही।

इस कैम्प में अध्यक्ष पाय. संजीव शर्मा, सचिव एमएस नेगी, संस्थापक पाय. संतोष मेहरोत्रा, संयोजक डॉ. केके अग्रवाल, डॉ. बृजेश अग्रवाल, डॉ. प्रमोद मेहरोत्रा, डा. आर.के. खुराना, डॉ. केसी जोशी, डा. जीके पाण्डे, डा. अनुराग कुमार, डा. डीएस रावत, पाय. मधुर किशोर अग्रवाल, बीडी पाण्डे, अरविन्द सिंघल, अरविन्द बंसल, राजा चड्ढा, भगीरथ लाल चौधरी विपिन अग्रवाल, जितेन्द्र मोहन, अतुल अग्रवाल, गौरव शर्मा, रवि शुक्ला, राजेश मित्तल, भाजपा अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, गोपाल सिंह, सलिल गुप्ता आदि का योगदान सराहनीय रहा।

महिला पायनियर्स में श्रीमती तनु चड्ढा, उमा अग्रवाल, मधु पाण्डे उपाध्यक्ष, अंशु अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, सुमन मित्तल, सुधा मेहरोत्रा, श्रीमती रावत इत्यादि का विशेष योगदान रहा।

*पाय. डॉ. केके अग्रवाल*

## शिव मन्दिर में सांई बाबा की मूर्ति की स्थापना



**मुरादाबाद।** दिनांक 16 फरवरी 2011 को मुरादाबाद शाखा के उपाध्यक्ष पाय. जेके बाली एवं उनके परिवार द्वारा रेलवे हरथला कालोनी के शिव मन्दिर में श्री साई बाबा की मूर्ति की स्थापना करायी गई और उसके बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमे स्थानिय लोगों के साथ-साथ मुरादाबाद शाखा के सभी पायनियर सदस्यों ने सपरिवार भाग लिया। स्थापना से पूर्व बाबा की प्रतिमा के साथ बैंड बाजे सहित सैकड़ों लोगों ने फेरी यात्रा निकाली।

दिनांक 19-2-2011 शनिवार को 'मैसोनिक लॉज' में मुरादाबाद शाखा की एक पारिवारिक सभा सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता पाय. एमसी गुप्ता ने की। सभा की कार्यवाही आरम्भ करते हुए सचिव पाय. अरविन्द अग्रवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और क्लब की नवीन गतिविधियों की जानकारी सदस्यों को दी। तत्पश्चात् आगे की कार्यवाही के लिए सभा संयोजक पाय. चरनजीत सेठी एवं किरन सेठी को संचालन सौंप दिया। पाय. चरनजीत सेठी एवं किरन सेठी द्वारा तरह-तरह के फन गेम्स और प्रश्नोत्तरी द्वारा सभी सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कपल गेम्स के अन्तर्गत पति की आंखों में पट्टी बांध कर दूर खड़ी अपनी-अपनी पत्नी के गले में माला डालने वाले गेम्स को सभी सदस्यों ने मुक्तकंठ से सराहना की। पेपरगेम एवं प्रश्नोत्तरी में सभी को दिमागी कसरत करने को मजबूत कर दिया।

## महिला पायनियर्स क्लब हापुड़ शाखा द्वारा गरीब लड़की की शादी में दिया उपहार



*गरीब लड़की की शादी में उपहार देते हुए महिला पायनियर्स की पदाधिकारी*

**हापुड़।** महिला पायनियर्स क्लब हापुड़ शाखा के तत्वावधान में यहाँ आयोजित एक समारोह में एक गरीब लड़की की शादी के लिए दहेज का कीमती सामान उपहार में दिया।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष उर्मिला शर्मा ने कहा कि संस्था इस प्रकार के सेवा के कार्यक्रम करने के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन भी करना रहता है। सेवा के इन कार्यक्रमों से जो सुख की अनुभूति होती है उसे शब्दों की सीमा में कैद नहीं किया जा सकता। आराधना वाजपेयी ने कहा कि संस्था अपने उद्देश्यों को पूरा करते हुए नित नूतन मानदण्ड तय कर रही है।

इस अवसर पर कुसुम गोयल, पूनम कर्णवाल, उर्मिला शर्मा, आराधना वाजपेयी, संतोष शर्मा, डौली सिंहल, शालू गोयल, सीमा गोयल, सीमा जिंदल, वंदना अग्रवाल, अमिता गर्ग, रेखा सिंह, नीना गुप्ता, छाया अग्रवाल, सुषमा खन्ना, शिखा गर्ग, बेवी जिंदल का सहयोग सराहनीय रहा।

## 350 हृदय रोगियों का हुआ परीक्षण



*रोगी का परीक्षण करते चिकित्सक*

**रामनगर।** इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब के हृदय रोग शिविर में करीब 350 रोगियों का परीक्षण किया गया। शिविर में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी तादाद में लोग जांच के लिए पहुंचे। एमपी इण्टर कॉलेज में मेदांता दि मैडिसिटी गुड़गांव के सहयोग से लगाए गए कैंप में विशेषज्ञ डॉ. चांडी ने हृदय रोग से बचाव के तौर तरीके बताए। उन्होंने लोगों से नियमित टहलने, व्यायाम, सप्ताह में चार दिन चार किलोमीटर 40 मिनट में चलने के अभ्यास तनाव दूर करने में सहायक बताया। मोटापे को चिंताजनक बताते हुए विशेषज्ञों ने जंक व फास्ट फूड आदि से बचने की सलाह भी दी। साथ ही तनाव रहित रहने का योग, प्राणायाम, संगीत आदि को भी अहम बताया। शिविर में न्यूरो सर्जन डॉ. अनुपम गुप्ता ने बताया कि तनाव से बचने को आठ घंटे की नींद जरूरी है। साथ ही शारीरिक श्रम के जरिए जीवन शैली में सुधार की बात कही। इस दौरान डॉ. मोनिका देशवाल, संदीप गोदियाल, हरप्रीत सिंह, लोकेश, क्लब के अध्यक्ष संजीव शर्मा, सचिव एमएस नेगी, संस्थापक संतोष मेहरोत्रा, डॉ. आरके खुराना, डॉ. केसी जोशी, डॉ. अनुराग कुमार, डॉ. डीएस रावत, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, मनीष अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## शोक संवेदना

इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब के महासचिव पाय. राकेश अग्रवाल के बड़े भाई स्व. जगदीश प्रसाद बिसाती (87 वर्ष) के निधन पर समस्त पायनियर परिवार अपनी गहन संवेदना व्यक्त करता है एवं परमात्मा से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करता है।

ओम शान्ति ओम शान्ति ओम शान्ति

## शोक समाचार

**6 मार्च 2011, चित्रकूट।**

पायनियर्स क्लब के सदस्य श्री संजीव अग्रवाल के पिताश्री केवल किशोर अग्रवाल (71) कपड़ा व्यवसायी का आकस्मिक निधन 06 मार्च को प्रात: 3.30 बजे हो गया। समाचार सुनते ही समस्त पायनियर्स में शोक व्याप्त हो गया। सभी सदस्यों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिवार को इस दु:ख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

## शोक सभा

**28 जनवरी 2011, चित्रकूट।** इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब शाखा चित्रकूट के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री महेन्द्र केशरवानी के पिता श्री नर्वदा प्रसाद केशरवानी (82) जी का दिनांक 27 जनवरी 2011 को प्रात: 3 बजे आकस्मिक निधन हो जाने पर पूरे पायनियर्स परिवार में शोक की लहर दौड़ गयी।

इस अवसर पर सभी पायनियर्स ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से इस दु:ख की घड़ी में उनके परिवार को धैर्य प्रदान करने की कामना की।

# इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब, हापुड़ (कला व साहित्य) द्वारा छात्राओं को सम्मानित

**हापुड़।** आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत डॉ. भाभा शुक्ला कौशिक व डॉ. मनीला रोहतगी के नेतृत्व में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाया। इस शिविर के दौरान छात्राओं द्वारा पूर्व व पश्चिमी दोयमी में लगाए गए सात दिवसीय विशेष शिविर में किए गए कामों पर विचार किया गया। इस अवसर पर इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा एनएसएस की कुछ स्वयं सेविकाओं को उनके अच्छे कार्यो व निस्वार्थ सेवा भावना के लिए प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।




*आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस शिविर में इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा पुरस्कृत स्वयं सेविकाएं*

संस्था के राष्ट्रीय उप महासचिव अनिल वाजपेयी, नगर अध्यक्ष महावीर वर्मा मधुर, उपाध्यक्ष सुनील वर्मा व कोषाध्यक्ष अजय बंसल ने छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया।

कवि अनिल वाजपेयी ने हास्य रचनाओं से श्रोताओं को जमकर हंसाने के पश्चात् उन्होंने झांसी की रानी कविता के कुछ छंद पढ़कर श्रोताओं की तालियां अर्जित की। उन्होंने कहा कि देश हित राणा व शिवा ने इतिहास लिखा, उसी इतिहास वाले पन्ने पे लिखी है तू, तुलना में तेरे जैसा कोई नहीं दिखता है शूरवीर नारियों में सबसे बड़ी है तू। श्री वाजपेयी ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने और सफलता को अर्जित करने के लिए लगन, समर्पण तथा परिश्रम अत्यन्त आवश्यक है। अध्यक्ष महावीर वर्मा मधुर ने कहा कि बच्चों को इस प्रकार से पुरस्कृत किया जाए तो आगे चलकर वे देश की सेवा में अप्रतिम योगदान देते हैं।

श्री वर्मा ने कहा, ग्रामों का विकास हो गया या मानव का ह्रास हो गया, चौपालों की जगह खुल गए मयखाने हर गांव में नीम की ठंडी छांव खो गई आज हमारे गांव में...' कॉलेज की प्राचार्य डॉ. स्मृति दानी ने कहा कि अनिल वाजपेयी की कविताएं देश प्रेम पर आधारित है जो समाज को प्रेरणा देने के साथ-साथ चेतना का मंत्र फूंकती है। उनके इस पुनीत कार्य के लिए हम सभी उन्हें बधाई प्रेषित करते हैं।

गीतकार महावीर वर्मा की कविताएं श्रोताओं को चिंतन करने के लिए मजबूर करती है। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी समाजसेवा से जुड़े रहकर एक स्वस्थ समाज के निर्माण में भावी मातृ शक्ति के रूप में उनकी भूमिका के प्रति सचेत करते हुए उन्हें अपने सभी कार्यो में सफलता के लिए सतत प्रयत्नशील रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ. आभा शुक्ला व डॉ. मनीला ने अतिथि अनिल वाजपेयी, महावीर वर्मा, सुनील वर्मा व अजय बंसल का आभार व्यक्त किया।

इस अवर पर डॉ. अरूणा शर्मा, डॉ. संगीता अग्रवाल, डॉ. विभा अग्रवाल, डॉ. पूनम भारद्वाज, डॉ. बबीता, डॉ. वसुधा, डॉ. करूणा, डॉ. अंजलि व डॉ. रूचि त्यागी उपस्थित थे।

# मौसम परिवर्तन से होने वाली रोगों की जानकारी दी

इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब (कला एवं साहित्य) हापुड़ की जनवरी मास सकी मिटिंग सिटी हॉर्ट रेस्टोरेण्ट में दिनांक 15 जनवरी 2011 को पाय. सुनील कुमार शर्मा एवं श्री उर्मिला शर्मा की मेजबानी में सम्पन्न हुई। इस मिटिंग मे मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अशोक ग्रोवर एवं डॉ. पूनम ग्रोवर पधारे और विशिष्ठ अतिथि के तौर पर डॉ. रवि गोयल व श्रीमती सीमा गोयल उपस्थित थी।

डॉ. अशोक ग्रोवर ने क्लब के सदस्यों को मौसम परिवर्तन से होने वाले रोगों के विषय में जानकारी और उससे बचाव के उपाय के सम्बन्ध में चर्चा की। डॉ. श्रीमती पूनम ग्रोवर ने भी बच्चों और महिलाओं को स्वस्थ रहने के टिप्स दिये।

इस मिटिंग में सदस्यों ने गेम्स का आनन्द लिया। छोटे बच्चों के गेम्स को प्रथम पुरूस्कार हर्षिता वर्मा को तथा बड़े बच्चों का प्रथम पुरूस्कार विनय अग्रवाल ने जीता। पुरूष एवं महिला गेम्स के पुरूस्कार क्रमशः हिमांशु बंसल तथा श्रीमती मनीषा गर्ग ने जीते।

अंत में क्लब के अध्यक्ष महावीर वर्मा 'मधुर' ने सभी अतिथियों को धन्यवाद के साथ प्रतीक चिन्ह भेंट किये। इस अवसर पर पाय. अनिल वाजपेयी, अविनाश बब्बर, सुनील कुमार, अजय बंसल, स. भूपेन्द्र सिंह, नीरज गर्ग, डॉ. राजेश्वर सिंह, रेखा सिंह, मधु वर्मा उषा बब्बर, अनमोल सूरी, सत्यम वर्मा, अदिति वाजपेयी, वंश, शुभि उपस्थित थे। अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लिया।

***महावीर वर्मा 'मधुर'***

# इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब चित्रकूट की यातायात रैली सम्पन्न

## • यातायात माह नवम्बर 2010 की शुरूआत रैली से
## • पायनियर्स क्लब के कार्य सराहनीय....जिलाधिकारी

**12 नवम्बर 2010, चित्रकूट।** प्रत्येक वर्ष भांति इस वर्ष भी यातायात पुलिस व समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में माह नवम्बर को यातायात माह के रूप में मनाया गया।

यातायात माह के अवसर पर शुक्रवार को कोतवाली परिसर से एक विशाल रैली को जिलाधिकारी श्री विशालराय (आईएएस) व पुलिस अधीक्षक डॉ. तहसीलदार सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में जनपद के आठ विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्रों के हाथों में यातायात नियमों की जानकारी एवं स्लोगन से लिखी तख्तियां थी जिनको लेकर पूरे मुख्यालय में भ्रमण किया।



*कार्यक्रम में उपस्थिति स्कूली छात्र छात्राएं*

इसके पूर्व जिलाधिकारी श्री विशालराय ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि ज्यादातर लोग यातायात के नियमों को अनदेखा करते है। अतिक्रमण व खराब सड़कों से भी यातायात संचालन बुरी तरह प्रभावित है। शिक्षा व जागरूकता की कमी के चलते आये दिन सड़क दुर्घटनायें हो रही है ऐसे में व्यापक प्रचार के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी जन सामान्य को कराना चाहिए।




*रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम श्री विशालराय, एसपी डॉ. तहसीदार सिंह व साथ में पाय. क्लब के अध्यक्ष केशव शिवहरे*

पुलिस अधीक्षक डॉ. तहसीलदार सिंह ने कहा कि सारी दुर्घटनाऐं अज्ञानता एवं लापरवाही के कारण होती है। आज सड़क दुर्घटनाऐं लगातार बढ़ने का कारण सिर्फ आम आदमी का जागरूक न होना है। देश में अन्य घटनाओं की अपेक्षा सड़क दुर्घटना में अकाल मौत मरने वालो की संख्या ज्यादा है। स्कूली छात्र-छात्राऐं जागरूकता के लिए बेहतर सहयोग कर सकते हैं। अपर पुलिस अधीक्षक विपिन कुमार मिश्रा ने कहा कि पायनियर्स क्लब विगत कई वर्षो से यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पायनयिर्स क्लब के अध्यक्ष श्री केशव शिवहरे व उनकी टीम बधाई के पात्र है। श्री मिश्र ने यातायात नियमों के प्रति सजग रहने की हिदायत दी। उन्होंने कहा वाहन चलाते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

पायनियर्स क्लब के अध्यक्ष केशव शिवहरे ने कहा कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष यातायात माह के अवसर पर वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किये जाते हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हमें यातायात नियमों की अनदेखी नहीं करना चाहिए वरना कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। उन्होंने यातायात विभाग की ओर से आए हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शहर कोतवाल चन्द्रधर गौण, एसआईआर के. सिंह पायनियर्स क्लब के विनोद गुप्ता, श्रीराम अग्रवाल, गोपीकिशन, अतुल अग्रवाल, प्रेमनारायण कसौंधन, राजेन्द्र गुप्ता, महेन्द्र केशरवानी, डॉ. सुधीर अग्रवाल, डा. सिद्धार्थ गुप्ता, हीरालाल सोनी, संजीव यातायात निरीक्षक वीके सिंह, विभाग के संतोष चौधरी, राजेन्द्र मिश्र, चन्द्रभवन कुस्वाहा, महेन्द्र सिंह, कमल किशोर, रामऔतार, त्रिभुवन सिंह, छोटेलाल, सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# यातायात समापन समारोह सम्पन्न



*समापन अवसर पर छात्रों को पुरूस्कृत करते पुलिस अधीक्षक डॉ. तहसीलदार सिंह (आईपीएस)*

**दिसम्बर 2010, चित्रकूट।** जनपद चित्रकूट की प्रमुख समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब एवं यातायात पुलिस द्वारा पूरे नवम्बर माह को यातायात माह के रूप में मनाया गया।

पुलिस अधीक्षक डा. तहसीलदार सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक श्री विपिन कुमार मिश्र व सीओ सिटी श्री उदयशंकर सिंह के नेतृत्व में माह नवबर 2010 को शासन की मंशानुरूप यातायात माह के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर यातायात विभाग एवं समाजसेवी संस्था पायनियर्स क्लब के संयुक्त तत्वाधान में वाहन चालकों एवं जन सामान्य को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न उद्देश्य परक कार्यक्रम किये गये। इसी कड़ी में 7 दिसम्बर 2010 को यातायात समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक डॉ. तहसीलदार सिंह ने कहा कि यदि हम यातायात नियमों को अपने जीवन में शत प्रतिशत पालन करें तो तमाम परेशानियों एवं दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने यातायात विभाग एवं पायनियर्स क्लब की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनपद में पायनियर्स क्लब द्वारा विभिन्न कार्यक्रम नि:शुल्क किए जाते हैं जो सराहनीय है। उन्होंने संस्था अध्यक्ष श्री केशव शिवहरे व समस्त पायनियर्स टीम की सराहना की। अपर पुलिस अधीक्षक श्री विपिन कुमार मिश्र ने कहा कि जनपद में प्रशासनिक कार्यों में भी पायनियर्स क्ल की भूमिका अग्रणी रहती है। उन्होंने कहा कि यहाँ की यातायात जागरूकता में संस्था की भूमिका सदैव सराहनीय रहती है। टीएसआई श्री वीके सिंह द्वारा पूरे माह की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई। चेकिंग के दौरान काफी वाहनों को सीज करने के साथ जुर्माना की राशि शासन के पक्ष में जमा कराई गई। संस्था के अध्यक्ष केशव शिवहरे द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया गया।

उन्होंने कहा कि टीएसआई श्री विनोद सिंह के सहयोग से विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला, निबन्ध प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समापन समारोह के अवसर पर सफल प्रतिभागियों को पुलिस अधीक्षक श्रीसिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं पाँच रूपये नगद पुरस्कार स्वरूप दिए गये। इस वर्ष नर्व परम्परा की नींद रखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समापन अवसर पर पुन: कार्यक्रम स्थल पर यातायात नियमों के प्रति दायित्व शीर्षक पर प्रतियोगिता कराकर प्रथम, द्वितीया एवं तृतीय स्थान पर आए प्रतिभागियों को अलग से पुरूस्कृत किया गया।

इस अवसर पर एसएचओ श्री चन्द्रधर गौड़, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, पत्रकार बन्धु, यातायात विभाग के समस्त पुलिसकर्मी, कर अधीक्षक प्रमोद कुमार, समस्त पायनियर्स पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# 26वाँ गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न

**26 जनवरी 2011, चित्रकूट।** समासेवी संस्था पायनियर्स क्लब की चित्रकूट इकाई द्वारा 62वाँ गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। निर्धारित समयानुसार संस्था के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रबोध अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

तत्पश्चात् एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सभी पायनियर्स ने अपने-अपने विचार रखे साथ ही समाज सेवा के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति वीआरसी स्कूल के सभी बच्चों को फल, बिस्कुट व मिष्ठान वितरित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. प्रबोध अग्रवाल, डॉ. सुधीर अग्रवाल, महेन्द्र केशरवानी, गोपी किशन अग्रवाल, विनोद गुप्ता, शारदा गुप्ता, राजेश गुप्ता, सुनील सुहाने, प्रेमनारायन कसौंधन, अनूप गुप्ता, हीरालाल सोनी, डॉ. महेन्द्र गुप्ता, बद्री केशरवानी, राजेन्द्र गुप्ता, डॉ. सीताराम गुप्ता सहित सभी पायनियर्स मौजूद रहे।



हिमालय और हिन्दुस्तान फॉउन्डेशन

निकट आई.डी.पी.एल. कम्युनिटी सेन्टर, वीरभद्र (ऋषिकेश)-249202 (उत्तराखण्ड)

पोस्ट बाक्स नं0-56, जी.पी.ओ., ऋषिकेश-249201, देहरादून, उत्तराखण्ड

Email: himalayaaurhindustan@gmail.com, Mob : 9897340067

हिमालय और हिन्दुस्तान भूषण एवार्ड-2010

HIMALAYA AUR HINDUSTAN BHUSHAN AWARD-2010

**यह प्रशस्ति-सम्मान पत्र**

सम्माननीय श्री सन्तोष कुमार मेहरोत्रा सम्पादक- पायनियर चेतना, रामनगर

को देवभूमि उत्तराखण्ड की शिवालिक पहाड़ियों की तलहटी एवं मोक्षदायिनी पावन पावनी माँ गंगा के पावन तट ऋषिकेश में राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक समाचार पत्र **"हिमालय और हिन्दुस्तान"** की 18 वीं वर्षगांठ के सुअवसर पर हिमालय और हिन्दुस्तान फाउन्डेशन द्वारा आयोजित सातवें राष्ट्रीय ज्योतिष-आयुष (आयुर्वेद/योगा/यूनानी/सिद्धा/होम्योपैथी) एवं मीडिया महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह में दिनांक 30 दिसम्बर 2010 दिन बृहस्पतिवार को इनके द्वारा

जनपद/मण्डल स्तर पर पत्रकारिता

क्षेत्र में किये गये सराहनीय योगदान, कार्यों एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित कर प्रदान करते हुए हम अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

हम इनकी दीर्घायु, स्वस्थ व सुखद, जीवन एवं सदैव उन्नति की ईश्वर एवं माँ गंगा से प्रार्थना करते हैं।

| मुख्य संयोजक | स्वागताध्यक्ष | अध्यक्षता/मुख्य अतिथि/संरक्षक |
|---|---|---|
| डॉ0 रवि रस्तोगी | गंगाराम आडवाणी (संरक्षक) | |

हिमालय और हिन्दुस्तान फॉउन्डेशन के प्रकोष्ठ एवं सहयोगी संस्थाएं

जग में सुन्दर हैं दो नाम, हिमालय और हिन्दुस्तान

## मताधिकार दिवस पर मत का महत्व समझाया

### पारिवारिक सभा माह नवम्बर 2011

**मुरादाबाद।** दिनांक 20 नवम्बर 2010 को नगर के प्रसिद्ध सभागार 'मैसोनिक लॉज' में मुरादाबाद शाखा की माह नवम्बर की पारिवारिक सभा सम्पन्न हुई। सभा के संयोजक पाय. अरविन्द अग्रवाल एवं श्रीमती पारूल अग्रवाल थे। क्लब सचिव एवं संयोजक अरविन्द अग्रवाल ने सभा में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद श्रीमती अग्रवाल के साथ सभा की कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए मताधिकार दिवस पर सभी लोगों को अपने-अपने मत का महत्व समझाते हुए मत प्रयोग अवश्य करने पर बल दिया। श्रीमती पारूल अग्रवाल ने सुरूचिपूर्ण प्रश्नोत्तरी द्वारा बच्चों व बड़ों सभी को उत्तर देने को आतुर कर दिया। सही उत्तर देने वाले सदस्यों को हाथों हाथ ईनाम भी दिये गये। इसके अलावा एक नये अन्दाज में हाऊजी कपल गेम व बच्चों के विभिन्न गेम कराकर सभी का मन मोह लिया।

सभा के पाय. एलसी अरोरा, जेके बाली, एमसी गुप्ता, अरविन्द अग्रवाल, कमल प्रकाश, संजय सोती, अंकुर रस्तौगी, सुभाष अरोरा, मुकेश लालवानी, चरणजीत सेठी, एचएन धवन आदि उपस्थित थे।

*पाय. अरविन्द अग्रवाल (सचिव)*

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

### माह फरवरी 2011 की कार्यकारिणी सभा की रिपोर्ट

**मुरादाबाद।** दिनांक 11 फरवरी 2011 को सायं 8 बजे 'लवीना रेस्टोरेण्ट' रामपुर रोड, मुरादाबाद में मुरादाबाद शाखा की कार्यकारिणी की एक सभा सम्पन्न हुयी, जिसमें रामनगर शाखा द्वारा दिनांक 13 फरवरी 2011 को एमपी इण्टर कॉलेज में हृदय एवं न्यूरो जाँच शिविर के आयोजन पर रामनगर शाखा के सभी जुझारू सदस्यां की प्रशंसा की गई तथा शिविर में मुरादाबाद से पाय. एलसी अरोरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम रामनगर जाने पर विचार विमर्श किया गया।

इसके अतिरिक्त पाय. अरविन्द अग्रवाल ने सुझाव रखा कि माह फरवरी या मार्च में एक अन्य संस्था जागृति केन्द्र के सहयोग से क्लब द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाये, जिसे सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा स्वीकार कर लिया गया तथा पाय. अरविन्द जी को इस सम्बन्ध में आवश्यक प्रबन्ध करने के लिए अधिकृत कर दिया गया। सभा में पाय. एलसी अरोरा, पाय. एमसी गुप्ता (अध्यक्ष), पाय. कमल प्रकाश (रा. सचिव), पा. अंकुर रस्तौगी, पाय. सुभाष अरोरा (जोन चेयरमैन), पाय. मुकेश लालवानी, पाय. एचएन धवन आदि उपस्थित थे।

*पाय. अरविन्द अग्रवाल (सचिव)*

## लोहड़ी का उत्सव मनाया

**मुरादाबाद।** इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब, मुरादाबाद शाखा की एक सभा दिनांक 25 जनवरी 2011 को 'मैसोनिक लॉज' में राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. एलसी अरोरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसके मुख्य अतिथि क्लब सचिव पाय. अरविन्द अग्रवाल द्वारा उपस्थित सदस्यों एवं मुख्य अतिथि का स्वागत किया और क्लब सम्बन्धी नवीन गतिविधियों की जानकारी दी। तत्पश्चात् सभा के संचालन के लिए पाय. अशोक एवं रीता तोमर को आमंत्रित किया। पाय. अशोक एवं रीता तोमर द्वारा बड़े ही आकर्षक ढंग से सदस्यों को अनेकों मनोरंजक गेम कराकर सभी का मन मोह लिया। पेपर गेम में पाय. पारूल अग्रवाल सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही और पाय. कमलेश अरोरा को द्वितीय स्थान पर संतोष करना पड़ा। कपल गेम में अतिथि दम्पत्ति श्री सुभाष एवं संतोष द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों द्वारा भी टाँगों में गुब्बारा दबाकर दौड़ने वाले गेम का खूब आनन्द उठाया। गुब्बारा दौड़ में मास्टर पारस लालवानी ने सबको पछाड़ कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी में भी बड़ों और बच्चों सभी ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और हाथोंहाथ ईनाम जीते। समयबद्धता पुरस्कार के दो दावेदार थे पाय. एचएन धवन और पाय. जेके बाली। दोनों के बीच पर्ची डालकर श्री धवन को विजेता घोषित किया गया।

इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यो के लिए तथा कुछ माह पूर्व केन्द्रीय विद्यालय में किये गये वृक्षारोपण के लिए प्रशंसा की और आभार जताया। इसी क्रम में रा. अध्यक्ष पाय. एलसी अरोरा द्वारा मुख्य अतिथी एवं सदस्यों को नववर्ष की बधाई देते हुए नववर्ष धमाका योजना अधिकाधिक सदस्य बनाने का आवाह्न किया। क्लब सचिव पाय. अरविन्द अग्रवाल द्वारा इस माह एवं गतमाह में जिन सदस्यों की विवाह वर्षगाँठ थी, सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और सभा में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा उन दम्पत्तियों को उनके दीर्घ और सुखद जीवन के लिए शुभकामनाऐं दी गई। सचिव द्वारा मुख्य अतिथि एवं सभी सदस्यों का आभार ज्ञापित किया गया।

इसके पश्चात् खुले आँगन में लकड़ियाँ जलाकर उसके चारों और ढ़ोल की थाप पर नाचते गाते हुए लोहड़ी का आनन्द लिया। लोहड़ी के उपलक्ष्य में ढ़ोल और गजक, रेवड़ी-मूँगफली आदि का प्रबन्ध पाय. जेके बाली और पाय. चरनजीत जेठी ने मिलकर किया।

इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब, मुरादाबाद शाखा द्वारा शीघ्र ही एक वृह्द स्तरीय नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जायेगा।

*पाय. अरविन्द अग्रवाल (सीए) सचिव*

## राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र



आदरणीय,
श्री एलसी अरोरा जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष, इण्टरनेशनल पायनियर्स
भवन सं.-118, आजाद नगर
रेलवे हरथला कालोनी, मुरादाबाद - पिन - 244001

माह जनवरी 2011 में इण्टरनेशनल पायनियर्स गाजियाबाद के द्वारा अपनी सामाजिक गतिविधियों में मुख्य रूप से संस्था के द्वारा दिनांक 26.01.2011 को निम्न गतिविधि हर्षोल्लास के साथ की गई।
विवरण निम्न प्रकार है :-

संस्था के द्वारा गोल्डन लाईन पब्लिक स्कूल, स्थित कृष्णानगर मेरठ रोड में 26 जनवरी का झंडारोहण कार्यक्रम संस्था के सदस्यों की उपस्थिति में उक्त विद्यालय में किया गया। झंडारोहण के कार्यक्रम में बच्चों को इस पर्व की महत्वता पर संस्था के सदस्यों एवं स्कूल प्रबन्धन के सदस्यों द्वारा प्रकाश डाला गया। इसी विद्यालय में संस्था के आठ बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई जिसे प्रस्तुत करने में हुए व्यय को इंटरनेशनल पायनियर्स द्वारा वहन किया गया।

समारोह की सम्पन्नता के उपरान्त सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। इसके पूर्व इंटरनेशनल पायनियर्स द्वारा बस्ती के तीन व्यक्तियों, जो आर्थिक रूप से पिछड़े थे, को कुछ गुणवत्ता के कम्बलों का वितरण किया गया। आपके द्वारा घोषित किये गये कार्यक्रम 'सदस्यता वृद्धि कम से एक पायनियर्स की एक वर्ष में सदस्यता' के उपरान्त हमने माननीय उच्चतम न्यायालय में कार्यरत अधिवक्ता श्री आदित्य शर्मा को आजीवन सदस्य बनाया है।

**प्रतिलिपि :** मुख्यालय रामनगर को भी प्रेषित की जाती है।

***पायनियर केपीसी अध्यक्ष इंटरनेशनल पायनियर्स गाजियाबाद***

## होली मिलन समारोह में जमकर हुई मस्ती

**हापुड़।** महिला पायनियर्स क्लब के तत्वावधान में सोमवार को होली मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम में पदाधिकारियों व सदस्यों ने गुलाल




इंटरनेशनल महिला पाय. क्लब द्वारा सोमवार को आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में होली खेलतीं क्लब की सदस्य

और अबीर से जमकर होली खेली। इससे पूरे माहौल में मस्ती छा गई। इस मौके पर आराधना बाजपेयी व संस्था की अध्यक्ष उर्मिला शर्मा ने कहा कि होलीका त्योहार भारतीय संस्कृति, एकता और सौहार्द के साथ अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है। त्योहारों के माध्यम से ही तो हमारी संस्कृति आज तक जीवित है। इस मौके पर कुसुम गोयल, पूनम कर्णवाल, संतोष शर्मा, डोली सिंहल, शालू गोयल, सीमा गोयल, डा. सीमा जिंदल, वंदना अग्रवाल, अमिता गर्ग, रेखा सिंह, वीना गुप्ता, छाया अग्रवाल, सुषमा खन्ना, शिखा गर्ग, बेबी जिंदल आदि उपस्थित थे।

# डॉ. सीमा जिंदल को सम्मानित किया




हापुड़ में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में महिला पायनियर्स क्लब ने डॉ. सीमा जिंदल को सम्मानित किया

**हापुड़।** महिला पायनियर्स क्लब के तत्वावधान में रविवार को सम्मान समारोह हुआ। इसमें डॉ. सीमा जिंदल को सम्मानित किया गया।

महिला सशक्तिकरण मंच की राष्ट्रीय निदेशक आराधना वाजपेयी ने कहा कि डा.सीमा जिंदल के द्वारा किए गए कार्य सराहनीय है। उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण ही उन्हें सम्मानित किया गया है। संस्था

की अध्यक्ष उर्मिला शर्मा ने कहा कि अस्सी हजार लोगों में से दो सौ लोगों को चुना गया है। जिनमें से सीमा जिन्दल को भी चुना गया है। उन्होंने कहा कि संस्था समाजसेवा के लिए हर समय तैयार है और समय-समय पर कार्यक्रम का आयोजन कर पुरस्कृत किया जाता है। इस अवसर पर कुसुम गोयल, वंदना, छाया अग्रवाल, वंदना, सीमा, अर्चना, बीना,